>

Title: Need to impress upon the Government of Haryana to redress the grievances of guest teachers in the State.

श्री अवतार सिंह भडाना (फ़रीदाबाद): एन.सी.आर. दिल्ली की सीमा से लगे मेरे संसदीय क्षेत्र फरीदाबाद के हजारों अतिथि अध्यापक अपनी वाजिब मांगों को लेकर पिछले 15 दिनों से जंतर-मंतर पर आमरण अनशन पर बैठे हुए हैं। 15 दिनों से आमरण अनशन पर बैठे रहने के कारण कई अध्यापकों, विशेष कर महिला अध्यापकों की हालत बहुत ही चिंतनीय है। कभी भी कोई घटना घट सकती है। ये सभी अतिथि अध्यापक पिछले 9 वर्षों से शिक्षा क्षेत्र में अपनी सेवाएं अस्थायी अध्यापक की तरह दे रहे हैं, लेकिन अभी तक इन्हें स्थायी नहीं किया गया है। इसके अलावा इनकी कई वाजिब मांगें भी हैं। मेरी भारत सरकार से मांग है कि मानवीय आधार पर इनकी मांगों पर विचार किया जाए ताकि ये अपना आमरण अनशन तोड़कर पुनः अपनी सेवा में जा सकें।